माननीय सभापति महोदय, मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि आज तक हमने बड़े कॉरपोरेट्स को देखा है, जिनके पास हजारों की तादाद में एम्पलाईज हैं, क्या वे लोग भी आज तक अपने एम्पलाइज को पूरी तौर पर इन्फॉर्म कर पाए हैं कि उनके अधिकार क्या हैं, उनकी सुविधाएं क्या हैं? आज हम छोटे एम्पलाइज की बात करते हैं कि उन्हें एम्पलॉयर द्वारा पूरी तरह उनकी ड्यूटीज के बारे में इन्फॉर्म किया जाएगा। मगर कहीं न कहीं इस प्रकार का अमेंडमेंट लाने से सरकार की जिम्मेदारी और बढ़ेगी, ताकि छोटे लैवल पर जो कैविट्यां हैं, जो छोटे एम्पलाइज हैं, उन्हें उनके राइट्स के बारे में प्रॉपरली इन्फॉर्म कर पाएं। इस कदम को सरकार द्वारा बहुत गंभीरता के साथ आगे ले जाना पड़ेगा।

सभापति महोदय, इस बिल के आने से, कानूनी दांव-पेंच और लिटिगेशन्स में गिरावट आएगी, क्योंकि सरकार ने कहा है कि कोई भी एम्पलाई रु.300/- से नीचे का जो सूट है, उसे कोर्ट में नहीं ले जा पाएगा। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि आज ऐसे कई मजदूर हैं, जो हैंड टू माउथ हैं और उनकी डेली की दिहाड़ी भी 300 रुपए से कम है। अगर उनका एम्पलॉयर उनके साथ चीटिंग करता है, तो सरकार उनके लिए क्या कदम उठाएगी?

माननीय सभापति महोदय, फाइन में बढ़ोतरी की गई है। मैं इस कदम का स्वागत करता हूं, क्योंकि 5,000 रुपए देकर बहुत से ऐसे एम्पलॉयर थे, जो अपना पल्ला झाड़ने का काम करते थे। सरकार ने उसे 5,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए और 1,00,000 रुपए करने का काम किया है। मैं माननीय मंत्री जी को सुझाव देना चाहता हूं कि सरकार को आने वाले समय में, क्योंकि जो बड़े लैवल के एम्पलॉयर हैं, वे कहीं न कहीं 50,000 रुपए तो दे सकते हैं, लेकिन जब तक उनके ऊपर किसी तरह की कानूनी कार्रवाई करने अथवा किसी सजा का प्रावधान हम नहीं रखेंगे, तब तक वे अपने एम्पलाई को ह्रास करना नहीं छोड़ेंगे। इसलिए मैं इसे सुझाव के रूप में कहना चाहता हूं कि आने वाले समय में जब आप और अमेंडमेंट्स लाने का काम करेंगे, तब बड़े एम्पलायर के लिए सजा का प्रावधान जरूर कीजिए, जिससे हमारे छोटे श्रमिक के ऊपर दबाव न बने, बल्कि एम्पलॉयर के ऊपर दबाव बने।

सभापति महोदय, हाईकोर्ट में जाने के लिए लिटिगेशन की धनराशि रु,10,000/- की रखी गई है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि एक छोटा एम्पलाई जिसकी महीने की तनख्वाह 8,000 रुपए है, वह 10,000 रुपए का केस कैसे डाल पाएगा? वह छोटा मजदूर बड़े महंगे वकीलों को हायर नहीं कर पाएगा जो बड़े कोर्ट में केस लड़ सके। हमें इसके बारे में भी विचार करना पड़ेगा।

इस बिल में प्रावधान किया गया है कि कमिश्नर के पास अथोरिटी रहेगी कि वह इस तरह के केसिस को निपटा जाए। हम कहीं फिर से इंस्पेक्टर राज की शुरुआत न कर दें? हम कहीं फिर से एडमिनिस्ट्रेशन को इतना पावरफुल न कर दें जिसके माध्यम से बड़े एम्पलायर अपना इन्फलुएंस डालकर एम्पलाइज को दबा दें। हमारे देश में कहीं इस बिल से ठेका प्रथा तो शुरु नहीं हो जाएगी? हम देखते हैं कि म्युनिसिपल कार्पोरेशन लैवल पर, कमेटी लैवल पर हर जगह ठेके पर एम्पलाइज मिलते हैं। क्या इस बिल के बाद जो ठेके पर एम्पलाइज हैं, उनको किसी तरह की फैसिलिटी दे पाएंगे? क्या यह बिल उन एम्पलाइज का भी भला कर पाएगा, इस पर माननीय मंत्री जी प्रकाश जरूर डालें।

महोदय, जेडीयू के सांसद भी कह रहे थे कि आपको इस बिल में डिफाइन करना पड़ेगा कि क्या इस बिल के अनुसार या आने वाले अमेंडमेंट्स के अनुसार छोटे एम्पलाइज को ईएसआईसी के अंडर मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध करा पाएंगे? क्या एम्पलायर की जिम्मेदारी रहेगी? ईंट भट्टों पर काम करने वाले लोगों को दमा, अस्थमा जैसी बीमारियां हो जाती हैं, लेकिन इनका इलाज कराने की एम्पलायर्स की कहीं जिम्मेदारी नहीं होती है। क्या इन्हें आने वाले समय में छोटे श्रमिकों और मजदूरों के लिए बेसिक मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध करा पाएंगे?

जब दोबारा एम्पलाइज़ का बिल आया था, तब माननीय मंत्री जी ने कहा था कि मैंने भी छोटी नौकरी की है। मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि हरियाणा प्रदेश सरकार ने पिछले दिनों एक बिल पारित किया, इसमें कहा गया कि जो यूनियन बनेगी, पहले वह 30 एम्पलाइज पर बनती थी, अब वह 100 एम्पलाइज पर बनेगी। कम्पेनसेशन अंडर फैक्ट्री एक्ट 100 एम्पलाइज की एम्पलाएमेंट को मिलता था, प्रदेश सरकार ने बढ़ाकर 300 कर दिया। आज 300 एम्पलाएमेंट कितनी हैं? हमारे देश में 80 से 90 प्रतिशत रोजगार अनआर्गेनाइज्ड सैक्टर में है। क्या हम आने वाले समय में एग्रीकल्चर सैक्टर के एम्पलाइज को एम्पलाइज कम्पेनसेशन में देखने का काम करेंगे? अगर सरकार इन सुझावों को मानेगी और आने वाले समय में चेंजेस लाने का काम करेगी तो हम भी जरूर सरकार का समर्थन करेंगे।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत धन्यवाद।

श्री राजेश कुमार दिवाकर (हाथरस) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं आपका तहदिल से शुक्रिया अदा करता हूं। माननीय मंत्री जी ने आज कर्मचारी प्रतिकर संशोधन विधेयक, 2016 पेश किया है। मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं इस महत्वपूर्ण विधेयक पर सम्मानित सदन में बोल रहा हूं।

मैं श्रम संबंधी समिति का भी सदस्य हूं। समिति की बैठक समय-समय पर कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एवं उनके तमाम हितों की पूर्ति कैसे हो, इसके लिए होती रहती है। समिति दूसरे प्रदेशों में भी जाकर कर्मचारियों के हितों की जानकारी लेती है कि उन्हें उनका बराबर मेहनताना एवं अन्य पारिश्रमिक मिल रहा है या नहीं। ज्यादातर समस्याएं कर्मचारी मुआवजे एवं पारिश्रमिक समय पर न मिलने की होती हैं। इस बिल में ऐसा प्रावधान है कि ज्यादातर समस्याएं दूर हो जाएंगी। भारत तथा सम्पूर्ण विश्व में श्रम को एक महत्वपूर्ण बल के रूप में माना जाता है। राष्ट्र की उन्नति में श्रम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज भारतवर्Âान में पहली बार 'स्किल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' के शुरु होने से उत्पादकता एवं श्रम की महत्ता कई गुना बढ़ गई है। देश में श्रम बलों की रक्षा एवं उनके हितों के लिए केंद्र सरकार समय-समय पर राज्य के साथ मिलकर कानून बनाती है।

कर्मचारी संगठन कार्यबल के लिए कर्मचारी प्रतिपूर्ति अधिनियम, 1923 एक महत्वपूर्ण विधान है। यह कारखाने एवं अन्य विनिर्माण प्रक्रियाओं में नियोजित कर्मचारियों पर लागू होता है। इस बिल में अगर कर्मचारी किसी की दुर्घटना या अन्य किसी चोट के कारण मौत हो जाती है तो उनके आश्रितों के लिए प्रतिपूर्ति के भुगतान का प्रावधान है। कर्मचारी चाहे कहीं भी कार्य कर रहे हों, अब उनके हितों की रक्षा इस माध्यम से सरकार करेगी।

महोदय, कर्मचारी मुआवजे का उल्लंघन करने वालों को दंड मिलना स्वाभाविक है। इस बिल में इसे एक लाख रुपये करने का प्रावधान है। इससे न केवल कर्मचारियों के हितों की रक्षा होगी, बल्कि उनके परिवार की भी रक्षा होगी। ऐसा भी देखने या सुनने में आता है कि कर्मचारियों को कंपनी ठेके के माध्यम से अपने यहां पर कार्य कराती है। उस दÂिष्ट में कर्मचारियों के हितों की रक्षा कंपनी मालिक नहीं करते। इसलिए मेरा ऐसा मानना है कि उनके हितों की रक्षा के लिए भी कुछ आवश्यक कदम उठाने होंगे। इसके तहत किसी भी दुर्घटना की दÂिष्ट में ठेकेदार या कंपनी उन्हें पूरा मुआवजा दे।

इस बिल में हमारी सरकार द्वारा ऐसा प्रावधान किया गया है कि यदि कर्मचारी किसी भी प्रकार की दुर्घटना में दुर्भाग्यवश चोटिल हो जाता है तो निर्बाध रूप से मुआवजा मिलना सुनिश्चित है। इसमें यह भी प्रावधान है कि यदि नियोक्ता अपने कर्मचारियों को मुआवजा हासिल करने के अधिकार के बारे में सूचित नहीं करता तो बिल कहता है कि इस स्थिति में नियोक्ता पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है, जैसा कि मैंने ऊपर बताया।

महोदय, कर्मचारियों के हितों के लिए यह विधेयक बहुत ही कारगर सिद्ध होगा। उन्हें उनका मुआवजा आसानी से मिल सकेगा क्योंकि यह प्रक्रिया बहुत सरल कर दी जायेगी। यह विधेयक उत्पादन की दÂिष्ट से बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह देश के समग्र आर्थिक विकास में भागीदारी करने हेतु देश की कामकाजी जनसंख्या को प्रोत्साहक वातावरण प्रदान करेगा। इस बिल में दंडों का प्रावधान है कि कोई भी संस्था जो कर्मचारियों को मुआवजा समय पर नहीं देगी, उन्हें दंडित कर एक लाख रुपये दंड के रूप में देने होंगे। हमारी सरकार कर्मचारियों, मजदूरों के हितों के लिए इस बिल के माध्यम से सभी मुआवजों की प्रक्रियाओं को सरल बनाने जा रही है, ताकि कर्मचारी और उनके परिवार की रक्षा हो सके। लेकिन अगर कोई अपील किसी भी न्यायालय में लंबित है, तो उस पर जब तक अदालत द्वारा फैसला नहीं आ जाता, तब तक उसे इस बिल से बाहर रखना होगा।

महोदय, हमारी सरकार ने समय समय पर कर्मचारी, मजदूर भाइयों के हितों की रक्षा के लिए कारगर उपाय किए हैं, जिनमें से एक इस विधेयक के रूप में माननीय मंत्री जी ने पेश किया है। मैं समझता हूं कि इस विधेयक के पास हो जाने से कर्मचारियों, मजदूरों को मुआवजे की राशि का भुगतान आसानी से हो सकेगा।

अंत में, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और माननीय मंत्री जी को बधाई देता हूं कि वे कर्मचारियों के हित में इतना महत्वपूर्ण संशोधित बिल संसद में लेकर आएं, जिससे कर्मचारी भाइयों को मुआवजे की राशि आसानी से मिल सकेगी।

डॉ. अरुण कुमार (जहानाबाद) : माननीय सभापति महोदय, सरकार जो इम्प्लायज कम्पेनसैशन (अमेंडमैंट) एक्ट, 2016 लेकर आयी है,. उसका मैं अपनी और अपनी पार्टी की ओर से समर्थन करता हूं। दुनिया का दस्तूर है कि आज तक समाज में श्रम का शोÂषण होता रहा। हम कानून के तहत इस शोÂषण को रोकने का प्रयास करते हैं। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी और माननीय मंत्री जी चिंतित हैं कि मजदूरों पर शोÂषण किस तरह से कम हो। यह बिल इसलिए लाया गया है, ताकि इम्प्लायज का हित संरक्षित हो। आजादी के बाद से तमाम सरकारें मजदूरों के हित में बहुत सारे प्रावधान, नये संशोधन लाने का काम करती रहीं। इसमें यह बिल भी बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन इस बिल के दो पार्ट हैं--एक कानून और दूसरा इम्प्लीमैंटेशन। चूंकि आज भी यह देखा जा रहा है कि चाहे संगठित क्षेत्र हो या असंगठित क्षेत्र हो, सब जगह श्रमिकों का शोÂषण होता है। इम्प्लायर अपने लाभ के चलते न तो मजदूरों की सेफ्टी देखता है और न ही यह देखता है कि वे किस परिवेश में रहते हैं। उनके स्वास्थ्य के लिए भी कोई समुचित प्रबंधन नहीं हो पाता।

निश्चित तौर से आज हम कम्पनसेशन की बात कर रहे हैं, इसमें पेनल्टी का भी प्रॉविजन है इससे अंतर पड़ेगा, यह स्वाभाविक है, लेकिन जिस कानून के तहत रहने के बावजूद भी आज जिस तरीके का शोÂाण का वातावरण है, निश्चित तौर से यह भयावह स्थिति है। एक इम्प्लाई किसी फैक्टरी में काम कर रहा होता है, रास्ते में उसकी मौत हो जाती है, फैक्टरी प्रबंधन उसे कहता है कि आज वह हमारे यहां नहीं था और इस तरह की व्यवस्था करता है, यहां तक कि जब वह थाने में केस करने जाता है तो थानेदार केस नहीं लेते हैं, क्योंकि वह इम्प्लायर की ओर से प्रभावित होता है। निश्चित तौर से इस कठिन परिस्थिति में इस सरकार ने संकल्प लिया है कि हम गरीबों के हित में एक वातावरण का निर्माण करेंगे और निश्चित तौर से यह कदम राÂष्ट्र विकास में सहयोगी होगा एवं कंपनियों के विकास में भी सहयोगी होगा, लेकिन अपने तात्कालिक लाभ के लिए लोग श्रमिकों का दोहन करते हैं, शोषण करते हैं।

हो सकता है कि कुछ साथियों के मन में यह बात आई हो कि यह एक आई-वाश है, लेकिन निश्चित तौर से जो व्यावहारिक परिस्थिति है, जिसे हम लोग प्रतिदिन महसूस करते हैं। उसमें हम देखते हैं कि कानून के रहते भी जिस तरह से श्रमिकों का शोÂषण होता है, चाहे वह कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में हो, चाहे वह चाय बागान में हो, चाहे हेजार्ड्स वर्क की सिचुएशन में हो, निश्चित तौर से जो सेफ्टी के मापदण्ड होने चाहिए, कहीं कुछ भी देखने को नहीं मिलता है। हम बड़े-बड़े पीएसयूज में भी देखते हैं, कोल माइन्स में देखते हैं कि सेफ्टी के जो साधारण इंस्ट्रूमेंट्स होने चाहिए, प्रिकॉशन्स होनी चाहिए, वे नहीं होती हैं। वे श्रमिकों को किसी जानवर से कम नहीं समझते हैं।

इसलिए यह कानून अच्छा है, लेकिन इसका इम्प्लीमेंटेशन पार्ट भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि इस दिशा में अधिक सख्त कानून लाना चाहिए, ताकि हम श्रमिकों के हित में काम कर सकें। इनक्लूसिव ग्रोथ में निश्चित रूप में श्रमिकों की बड़ी भूमिका है, उसकी शक्ति का हम जितना सकारात्मक दÂिष्ट से उपयोग करेंगे, उतना ही राÂष्ट्र का भला होगा। आज हम देखते हैं कि हमारी वर्किंग कंडीशन इतनी खतरनाक होती है, फिर भी इम्प्लाइज अपनी जान जोखिम में डालकर रोटी के लिए संघÂर्ष करते हैं। जहां रोटी और पूंजी का संघÂर्ष हैं, दबाव, कानून-व्यवस्था,

मैनेजमेंट सब कुछ फैक्टरी मैनेजमेंट के पक्ष में चला जाता है। हम देखते हैं कि गांव-देहात से जो मजदूर आकर फैक्ट्रियों में काम करते हैं, जब सड़क पर उनकी मौत हो जाती है, लेकिन वे हमारी फैक्ट्री में काम नहीं कर रहे हैं, इस बात को साबित करने के लिए वे कोई इंश्योरेंस का कागज नहीं रखते हैं, अन्य ऐसे कोई कागज नहीं रखते हैं जिनसे उनके हितों की रक्षा हो सके। वे इस तरह की व्यवस्था रखते हैं कि यदि उनको कम्पनसेशन देने की स्थिति आए तो उसे टेम्पर करके हटा सकें। वे इसे खतरा समझते हैं, इसलिए मैक्सिमम शोषण अपने पक्ष में करते हं।

महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि इस कानून का इम्पलीमेंटेशन पार्ट भी मजबूत होना चाहिए। जो अथारिटी इन चीजों की देख-रेख करेगी, उस पर भी चेकमेट सिस्टम होना चाहिए। हमने कमिश्नर को पावर दी है, लेकिन छोटे-छोटे इम्प्लाइज निश्चित तौर से कोर्ट में नहीं जा सकते हैं, लेकिन वहां भी एक चेकमेट सिस्टम होना चाहिए कि इम्पलाई के हितों की रक्षा हो सके। तभी हम अपने उद्देश्य में सफल हो सकेंगे और इनक्लूसिव ग्रोथ में श्रमिकों का श्रम काम आएगा। धन्यवाद।

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : सभापति महोदय, मैं कर्मचारी प्रतिकर विधेयक, 1923 में संशोधन करने वाले कर्मचारी प्रतिकर संशोधन विधेयक, 2016 का समर्थन करता हूं।

महोदय, देश में श्रम कानून में बदलाव की आवश्यकता बहुत दिनों से महसूस की जा रही थी। अभी विश्व बैंक का एक अध्ययन आया है, उसके मुताबिक भारत में श्रम कानून विश्व के सर्वाधिक प्रतिबंधात्मक श्रम कानून माने जाते हैं। वास्तव में, भारत में केवल श्रम कानूनों के विÂषय में ऐसा नहीं है, बल्कि ज्यादातर कानून सुविधाओं के बजाय प्रतिबंध लगाने वाले ही प्रतीत होते हैं, इसलिए उनमें परिवर्तन की आवश्यकता है। अगर हम श्रम कानून की बात करें तो यह कानून ऐसे होने चाहिए जो श्रमिकों के अधिकारों व विकास में टकराव की धारणा को समाप्त करके, श्रमिकों को सुरक्षा दे, उनके लिए नये अवसर पैदा करने वाले होने चाहिए।

माननीय सभापति महोदय, एक अनुमान के अनुसार दुनिया में कुल श्रमिकों की संख्या में से 25 प्रतिशत से अधिक हिन्दुस्तान में है। वर्ष 2014 में एक नया अध्ययन किया गया है, उसके अनुसार हिन्दुस्तान में संगठित और गैर-संगठित क्षेत्रों में श्रमिकों की संख्या लगभग 49 करोड़ है, जो भारत की कुल आबादी का 40 प्रतिशत है। असंगठित मजदूरों में महिलाओं की बहुत बड़ी संख्या है, उनको संरक्षण देकर न्यूनतम मजदूरी सहित अन्य सुविधाओं के लिए कानून लाना ही चाहिए। हमारी सरकार प्रतिबद्ध है कि आज हम जो संशोधन करने जा रहे हैं, यह बहुत बड़ा संशोधन नहीं है, लेकिन काम-काज के दौरान जो दुर्घटनायें होती हैं, उनमें मृत्यु होने, अपंगता आने, कोई ऐसा रोग हो जाना जिससे मृत्यु हो जाये या उससे वह काम करने लायक नहीं रह जाये, ऐसे में हमारे श्रमिकों को यह जानकारी होनी चाहिए कि उनके अधिकार क्या हैं?

17(क) के माध्यम से जो संशोधन लाया गया है, उसका सीधा-सीधा अर्थ यह है कि जो नियोक्ता है, उसको स्पÂष्ट रूप से, श्रमिकों को उनके अधिकारों के बारे में बताना चाहिए, वह जिस भाÂषा को समझता है, उस भाÂषा में उसे बताना चाहिए। अगर ऐसा करने में वह चूक करता है तो उसके ऊपर पांच हजार की बजाय, पांच हजार रु. से लेकर एक लाख रु. के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके पीछे उद्देश्य है कि नियोक्ता इस बात को निश्चित रूप से श्रमिक को बतायेगा।

दूसरी बात जो इस अधिनियम के माध्यम से कही गई है, वह बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे कांग्रेस पार्टी के एक मित्र बता रहे थे कि जो मामले उच्च न्यायालय में जाने चाहिए, उनकी सीमा तीन सौ रुपये से बढ़ा कर दस हजार रुपये कर दी गई है। इस समय जो हमारी न्यायायिक व्यवस्था है, उसमें हम यह देखते हैं कि गरीब लोग माननीय उच्च न्यायालय नहीं जाते हैं बल्कि ज्यादातर बड़े-बड़े लोग, जो कारखानों के मालिक हैं, वे न्यायालय की व्यवस्थाओं का उपयोग या कहिए कि वे उनका दुरुपयोग करते हैं कि वे गरीब और श्रमिकों के अधिकारों को मार सके। इसलिए यह बहुत अच्छा प्रावधान है।

तीसरा, बहुत अच्छा संशोधन किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय में जाने की स्थिति में या जब कभी वे लोग चले जाते थे, वे श्रमिकों का कम्पनसेशन इस कारण रोक देते थे कि हमारा मामला माननीय उच्च न्यायालय में लंबित है, इसलिए हम यह देंगे। उसमें यह प्रावधान कर दिया गया है कि जब तक स्पÂष्ट रूप से माननीय उच्च न्यायाल के द्वारा स्टे न कर दिया जाये, तब तक आप श्रमिकों के अधिकारों को बाधित नहीं कर सकते हैं। हमारे देश में गरीबों की संख्या चालीस करोड़ से अधिक है। अभी हम लोगों ने देखा है कि उनके लिए बहुत सारी चिंतायें पूरी दुनिया कर रही है कि सभी लोगों को शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, रोजगार, पीने का पानी, ऐसी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सरकारें प्रयास कर रही हैं। हमारी एनडीए की सरकार प्रतिबद्ध है कि हम अपने श्रमिकों को निश्चित रूप से न्याय दें। इसलिए हमारी सरकार बहुत सारी योजनायें लेकर आई है, "जन धन योजना' के माध्यम से हमने गरीबों के बैंकों में खाते खोले हैं, उनको अधिकार दिलाया है, बारह रुपये में उन्हें दो लाख रु. की बीमा देने की बात हो, घरेलू कर्मचारियों, ड्राइवर्स, सभी के लिए बहुत आसान हो गया है। "प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना' 330 रु. में है, "अटल पेंशन योजना' है, ये योजनायें आर्थिक सुरक्षा गरीब तबकों को देने के लिए है। उसके साथ-साथ "उज्ज्वला योजना' के माध्यम से पांच करोड़ गरीब लोगों को फ्री गैस कनेक्शन देने की योजना है। सभी को वर्ष 2022 तक आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। शौचालयों, एवं महिला सशक्तिकरण की बात है, सभी को शिक्षा, सभी को चिकित्सा, रोजगार, सबके हाथ में पैसा, ऐसी सारी व्यवस्थाएं करें।...(व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, श्रम कानूनों को तर्कसंगत व्याख्या के साथ, श्रम कानूनों को फिर से आकार देने की आवश्यकता है, जो श्रम व्यवस्था में लचीलापन लाने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा देने का भी काम करे।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान और माननीय मंत्री जी का ध्यान इस बात के लिए भी आकृÂष्ट करना चाहता हूं कि आज कल हम गांवों में बहुत-सी सुविधाएं चला रहे हैं चाहे आंगनवाड़ी का कार्यक्रम हो, स्कूलों में रसोइयों की बात हो, बीएसएनएल में बहुत सारे संविदाकर्मी काम करते हैं। विद्युत में बहुत सारे ऐसे कर्मी काम करते हैं जो संविदा के आधार पर रखे जाते हैं और कई बिना संविदा के होते हैं। ऐसे असंगठित क्षेत्र के जो कर्मचारी हैं, उन्हें भी श्रम कानून के माध्यम से सुरक्षा देने का काम किया जाए। इसके साथ-साथ न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण प्रतिवÂाऩ करना चाहिए और न्यूनतम मजदूरी को महंगाई से जोड़कर इसकी व्याख्या प्रतिवर्ष करनी चाहिए।

मैं इन्हीं संशोधनों की अपेक्षा माननीय मंत्री जी से करते हुए इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : सभापति महोदय, मैं मंत्री जी से व्यावहारिक पक्ष में कुछ बातें कहना चाहूंगा। मैं कहना चाहता हूं कि पहले भी दहेज से संबंधित, भ्रूण हत्या से संबंधित, बाल श्रमिक और मैला उठाने से संबंधित कई कानून बने हैं, लेकिन इन कानूनों को आज तक गंभीरता से इम्प्लीमेंट नहीं किया गया। इतिहास बताता है कि हमेशा से आर्थिक, सामाजिक आधार पर श्रमिकों के बारे में अवधारणा बनी है। इसके पहले वर्ग के आधार पर श्रमिक को बांटा गया और वर्ग के बाद कर्म के आधार पर श्रमिक को बांटा गया। मुझे लगता है कि कृÂष्ण के काल में कर्म के आधार पर श्रमिक का वर्गीकरण हुआ और उसके पहले जब राजा-महाराजा, जमींदार थे तब वर्ग के आधार पर श्रमिक को बांटने की कोशिश की गई। आज मैं मंत्री जी से विनम्रता से कहना चाहता हूं कि बाल काटने का काम करने वाला नाई सबसे पिछड़ी जाति का होता था, लेकिन आज 90 प्रतिशत सैलून पर बड़े घरानों का कब्जा है, इस व्यवसाय में पुराने लोग बहुत बड़ी संख्या में नहीं हैं। आपको आश्चर्य होगा कि धोबी जो अत्यंत पिछड़ी जाति के लोग हैं, आज लान्ड्री के काम पर बड़े घरानों का कब्जा हो गया है। खाना खिलाने के काम में छोटे लोगों का कब्जा था, लेकिन आज होटलों पर बड़े लोगों का कब्जा है। शौचालयों पर जैसे सुलभ शौचालय हैं, दिल्ली में, मुम्बई में, देश के दूसरे बड़े शहरों में बड़े मनुवादी व्यवस्था पप्पू यादव टाइप के जमींदारों, महाराजाओं का कब्जा है लेकिन शौचालय साफ करने की व्यवस्था एससी और एसटी के लोग करते हैं।

मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि 90 प्रतिशत शौचालय बड़े घराने पप्पू यादव या बड़े-बड़े राजनीतिक लोग या पैसा वाले, पाखाना करेंगे हम और साफ करेंगे एससी, एसटी लोग, यह कौन-सा कानून है, यह बात मेरी समझ में नहीं आ रही है। मुझे आप बताएं कि लैदर का धंधा करने वाले कौन लोग हैं? ये बहुत पैसे वाले लोग हैं। मतलब जानवर छोटे लोग चराएं, जब जानवर मर जाएगा तो उसकी चमड़ी समाज के कमजोर लोग छीलेंगे, लेकिन जब बड़ी फैक्ट्री में महंगा सामान बनाने की बारी आएगी तो उसका मुनाफा बड़े लोग ले जाएंगे। मेरा कहना है कि श्रमिकों के बारे में आप क्या करने जा रहे हैं? आज का किसान सबसे बड़ा श्रमिक हो गया है। किसी किसान के पास दो-तीन बीघा से ज्यादा जमीन नहीं बची है। मात्र दो-तीन प्रतिशत लोगों के पास दस बीघा से ज्यादा जमीन है। मुर्गे का धंधा हमारे मुसलमान भाई करते थे, कुछ दूसरे धंधे भी मुसलमान भाई करते थे और आज डेयरी फार्म चलाने वाले लोग पप्पू यादव के परिवार के लोग या बड़े-बड़े पैसा वाले घराने वाले लोग यह काम करते हैं। आज इसे स्वीकार नहीं करेंगे, तो मुझे समझ नहीं आ रहा है कि आप क्या करने जा रहे हैं। मेरा आपसे बहुत विनम्रता से आग्रह है कि किसी भी कीमत पर हिंदुस्तान में वर्ग के आधार पर श्रमिक का चयन नहीं किया जाना चाहिए। जैसे एससी, एसटी से पाखाना साफ कराना या मैला ढोने की परम्परा, इनसे मरे हुए जानवर को उठाने की परम्परा हिंदुस्तान से खत्म होनी

चाहिए।

महोदय, श्रमिक का स्वास्थ्य बीमा योजना बहुत महत्वपूर्ण है। श्रमिकों के लिए पेंशन बहुत ही महत्वपूर्ण है। श्रमिक अनिश्चितता की स्थिति में श्रम करने के लिए जाता है, उसे लगता है कि कब हमें फैक्ट्री से निकाल दिया जाएगा, कब फैक्ट्री घाटे में चली जाएगी, कब बड़ी-बड़ी योजनाएँ समाप्त हो जाएंगी और हमारी मज़दूरी समाप्त हो जाएगी। इसलिए वे अनिश्चितता की स्थिति में रहते हैं। यदि आप श्रमिकों के लिए कुछ करना चाहते हैं, तो मेरा आग्रह है, श्रमिकों में जो असुरक्षा की भावना है, उसे समाप्त कीजिए। श्रमिकों को किसी भी कीमत पर, चाहे कोई बड़ी फैक्ट्री हो या कुछ और हो, उनके लिए शेयर करने की व्यवस्था कीजिए। श्रमिक जितना कमाता है, वह अपना शेयर उसमें लगाये ताकि श्रमिक अधिकार के साथ काम कर सके। आप उसे खैरात मत दीजिए। आप श्रमिकों को कब तक बिल ला-लाकर खैरात दीजिएगा? आप इस देश के श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाइए। जो असंगठित मजदूर हैं, वह सबसे ज्यादा जुझारू और संघÂर्षशील होता है। हिन्दुस्तान की तस्वीर और तकदीर मजदूर बनाता है। जब आप हिन्दुस्तान की तस्वीर और तकदीर बनाने वाले को आत्मनिर्भर नहीं बनाएंगे, फैक्ट्रीज में को-ऑपरेटिव सिस्टम लाइए और उस फेडरल सिस्टम के तहत मजदूरों की मजदूरी में शेयर कीजिए ताकि वह आप पर नहीं और विभिन्न योजनाओं- मिड-डे मील, अंत्योदय, मनरेगा आदि का भोजन नहीं खाना पड़े। उसे खैरात में नहीं जीना पड़े। खैरात में जीने की परम्परा को मिटाइए।

16.47 hours (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

मैं आपको और इस सरकार को बधाई देता हूँ कि आपने निश्चित रूप से एक बेहतरीन बिल लाया है और इसके माध्यम से आप 9 अगस्त को एक क्रांति की शुरुआत कीजिए, एक क्रांति का सूत्रपात कीजिए। हिन्दुस्तान में मजदूरों के बिना, बिना कामगारों के सम्मान, उसकी इकोनोमिकल फ्रीडम, उसके सोशल फ्रीडम के बिना, जब तक उसे जस्टिस नहीं मिलेगा, तब तक उसे एजुकेशनल फ्रीडम नहीं मिलेगा, तब तक आप कुछ नहीं कर पाएंगे। इसलिए मेरा आग्रह है कि आप खैरात बंद कीजिए और उसे शेयर कीजिए। दलितों को वर्ग के आधार पर नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक आधार पर श्रमिकों की कार्य-योजना बनाइए और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाइए। उनमें असुरक्षा की भावना नहीं होनी चाहिए।

श्री बदरुद्दीन अजमल (धुबरी): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ कि आपने मुझे इस अहम बिल पर बोलने का मौका दिया।

सर, मैं असम से आता हूँ। मैं पूरी दुनिया की बात नहीं करूँगा। असम में टी-गार्डेन का सबसे बड़ा लेबर यूनियन है। मजदूरी करने वाले सबसे ज्यादा लोग टी-गार्डेन में हैं। जिस चाय को पूरी दुनिया में इज्ज़त दी जाती है, जो असम चाय के नाम से पूरी दुनिया में मशहूर है, उसके मजदूरों की क्या हालत है, इसे एक इंसान नहीं बता सकता है। यदि कहा जाए तो उनको गुलामी से भी नीचे के हालात में रखा जाता है। उनको जो लेबर चार्ज देना चाहिए, वह उनको नहीं दिया जाता है, उनके लिए हॉस्पिटल्स नहीं हैं, उनके लिए स्कूल नहीं हैं, उनके बच्चों के लिए पीने का पानी नहीं है। इसलिए उनकी मजदूरी पर आपको ध्यान देने की जरूरत है, उनको आर्गेनाइज़ करने की जरूरत है।

जैसा कि अभी पप्पू भाई कह रहे थे कि बड़े-बड़े घरानों के लोग इन चीजों पर कब्जा किये हुए हैं, वे गरीबों का हक मार रहे हैं। ये चीजें असम के लिए बहुत ही दुखदायी है। मैं पूरे असम के लाखों चाय-मजदूरों की तरफ से आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि आप इस पर पूरा ध्यान दें।

असम में एक बहुत बड़ा मसला कोयला मजदूरों का है। जो खानों में काम करते हैं, वहाँ पर बहुत से मित्र हैं, जिनके क्षेत्र में कोयले का काम चलता है, आप अंदाजा लगा सकते हैं कि वे कितने इन-ह्युमेन तरीके से वहाँ काम करते हैं। उनकी सेफ्टी, सिक्युरिटी का कोई मसला नहीं है। कभी दस मजदूर वहाँ मार दिये जाते हैं, कभी 20 मजदूर वहाँ मार दिये जाते हैं, और उनकी लाश तक नहीं मिलती है। यह भी एक बहुत बड़ा मामला है। मजदूरों की सेफ्टी और सिक्युरिटी के लिए सदन में कई मर्तबा चर्चा हुई है, लेकिन मेरे ख्याल से इस मामले में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि ध्यान दिया भी जा रहा है, तो वह इतना कम है कि उसका कोई असर नहीं हो रहा है।

मैं मिनिस्टर साहब से उम्मीद करूँगा कि कोयला मजदूर और चाय बागान मजदूरों के ऊपर ध्यान दिया जाए।

असम में हर साल फ्लड आता है। वर्ष 1998 के बाद सौ सालों का सबसे बड़ा फ्लड आया था और इस साल भी दो नम्बर का फ्लड आया है। यदि असम की आबादी साढ़े तीन करोड़ है, तो दो से ढ़ाई करोड़ लोग पानी के अंदर हैं। उनके चलने के लिए सबसे बड़ा यातायात का साधन नाव है, शिप है, पानी के जहाज हैं। जहाजों पर मजदूरी करने वाले जो लोग हैं, उनको भी कोई पूछने वाला नहीं है। यदि वे मर गये, तो मर गये, वे डूब गये तो डूब गये, उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है।

इसलिए मंत्री जी से मेरी आशा है कि इस मामले में वे पूरा ध्यान देंगे और इन लोगों का भी ख्याल रखेंगे।

सर, आप इस मामले में मालिकों से ज्यादा मजदूरों का ख्याल रखेंगे, इसी आशा के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Sir, I thank you for giving me this opportunity. I am in agreement with the provisions of this Bill and its intention is very good. The scope of the Bill is very limited: (1) it makes it obligatory on the part of the employer to inform the employee of his right to compensation; (2) enhancement of the penalty; (3) making employer liable for non-fulfillment; (4) amount involved in filing the appeal; and (5) omission of Section 30A, which is a relief to the petitioner. All these things are good and that is why I am supporting this Bill.

However, one relevant question remains: is this what we are really expecting, that is, as per Sixty-second Report of 1974 and One Hundred Thirty-fourth Report of 1989 of the Law Commission of India? I am sorry to say that the Minister has made only cosmetic changes in this and the crux of the problem still remains.

The first point is about the delay in getting the compensation settled. I will give you one glaring example. I have with me the news item that appeared in *The Asian Age* of 3rd August 2016. The headline says, "Labour court to settle relief pleas pending for years". If you go into the details, it says, "Twenty years after his son was murdered in a Delhi factory, 80-year-old Gorakhnath from Azamgarh in Uttar Pradesh is eagerly waiting for the settlement of his two-decade-old compensation petition, which will be decided by the AAP Government's labour court this week." There are many incidents like this. It is really a cumbersome process to get the compensation settled in due course of time.

Similar is the case with industrial accidents where the question of compensation comes because of accidents and occupational diseases. The reply given in this House on 16th March 2015 reveals, "The total number of fatal and non-fatal accidents in coalmines: in 2012, 523 persons were injured, and the number of deaths was 83. In 2013, 480 people were injured, and the number of deaths was 81. Similarly, in 2014, 367 persons were injured, and the number of deaths was 73. It is a very serious matter. It is our duty to control these kinds of accidents. Industrial accidents are increasing like anything.

I will now come to occupational health hazards. Sir, I myself worked in a chemical factory for about two decades and I know the hardships of the workers. The National Safety Council, at various times, have pointed out their finding with regard to occupational health hazards and diseases. Various recent studies have also highlighted the seriousness of these kinds of things. The National Safety Council has made a very effective recommendation. There is a provision in the Factory Act; there is the WHO initiative, but what is happening at the ground level? I want to quote one example which will be an eye-opener to everybody.

I am quoting from *The Indian Express* Report on Silicosis deaths. The headline says, "Silicosis deaths: Supreme Court asks Gujarat to pay Rs. 7 crore, pulls up the Chief of Pollution Board". If you go into the details, it says, "In a rare order, the Supreme Court has issued a bailable warrant against the Chief of the Central Pollution Control Board after he did not show up to explain steps taken for preventing death of workers due to silicosis, a lung disease caused by inhalation of dust containing silica. The top court has also directed the Gujarat Government to release more than Rs. 7 crore as compensation to the families of 238 workers who died due to silicosis after working in Godhra's quartz and stone crushing industries. Issuing the order last week, a bench of Justices Kurian Joseph and Rohinton F. Nariman expressed concern over the negligent attitude of the CPCB in addressing the issueâ€¦" I do not want to quote further on this. What is happening? Everybody knows about the occupational diseases in the chemical factories. Cancer and other major kinds of diseases are taking place because of this. So, we have to be very careful in controlling the occupational diseases.

Similarly, we have to take into account a very important aspect. In the Objects and Reasons of the Bill, there is a mention about the 134th Report of the Law Commission. It is an elaborative Report. I have gone through that. There are many more recommendations. Unfortunately, the Government has taken a small portion of it. The Minister is very active in this. I appeal to him to take a very stringent action on all these kinds of things.

We all know that there are various definitions. There is a definition of 'workman'. Similarly, there is a criterion in deciding the compensation rate. All these things should be re-modified. It is very urgent.

There is one more point. It should be made obligatory on the part of the employer to make periodical medical check up of its employees and to take follow up action. I hope that the hon. Minister, who is doing a lot of work in the labour field, will come forward with a comprehensive legislation addressing all these problems.

With these few words, I conclude.

डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड़ (लातूर): उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। कर्मचारी प्रतिकर (संशोधन) विधेयक, 2016 पर आज सदन में चर्चा चल रही है। मुझे पहली बार किसी विधेयक पर बोलने का अवसर मिला है। इसके लिए मैं अपनी पार्टी, माननीय प्रधान मंत्री जी, श्री नरेन्द्र भाई मोदी और आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं। कर्मचारी प्रतिकर (संशोधन) विधेयक, 2016 मैं समझता हूं कि अत्यंत आवश्यक और महत्वपूर्ण विधेयक है। इससे हमारे कर्मचारी भाइयों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी, जिसकी उन्हें सबसे अधिक आवश्यकता होती है। इससे हम केवल उस कर्मचारी को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को सुरक्षा प्रदान करते हैं, जिनके श्रम से पूरी दुनिया चलती है, उस श्रमिक को शक्ति और सम्मान देने का कार्य यह विधेयक करेगा, इसका मुझे पूरा विश्वास है। मजदूरों के पुरोधा भारत के महान चिंतक, भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक, श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने कहा था कि श्रम में समन्वय को ध्यान में रखना चाहिए। भारत तथा सम्पूर्ण विश्व में श्रम को एक महत्वपूर्ण बल के रूप में मान्यता दी गई है। मानव संसाधन की उत्पादकता अर्थात श्रम एक महत्वपूर्ण इनपुट होने के कारण राÂट्र की सम्पूर्ण आर्थिक उन्नति के निर्धारण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'स्किल इंडिया' तथा 'मेक इन इंडिया' के प्रारंभ होने से राÂष्ट्रीय उत्पादकता को बढ़ाने श्रम की महता वर्तमान समय में कई गुना बढ़ गई है।

महोदय, श्रम समवर्ती सूची में शामिल है। देश में श्रम बल के हितों की रक्षा के लिए संसद के साथ-साथ राज्य विधान मंडलों द्वारा विभिन्न विधान अधिनियमित किये गये हैं। देश के संगठित कार्यबल के लिए कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 एक ऐसा ही महत्वपूर्ण विधान है। यह कारखानों अथवा विनिर्माण प्रक्रियाओं में नियोजित कर्मचारियों पर लागू होता है तथा इसमे समुद्री जहाज/वायुयान के चालक दल के रूप में नियोजित व्यक्ति, विदेश में कार्य करने वाले तथा रेल कर्मचारियों की कतिपय श्रेणियों के व्यक्ति भी शामिल हैं। राज्यों ने अपने स्वयं के संशोधनों द्वारा इसके क्षेत्र तथा कवरेज का खानों, बागानों, निर्माण इत्यादि जैसे अन्य क्षेत्रों में विस्तार किया है। तथापि, यह अधिनियम कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत शामिल कर्मचारियों पर लागू नहीं होता है। इस अधिनियम के उपबंधों को राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रशासित किया जा रहा है।

17.00 hours

महोदय, अनुसूची-2 में यथा-विनिर्दिÂष्ट ऐसे किसी पद पर नियोजित हो, चाहे रोजगार के लिए करार इस अधिनियम के लागू होने के पूर्व तथा पश्चात किया गया हो और कि ऐसा करार व्यक्त अथवा अव्यक्त मौखिक अथवा लिखित में हो, परंतु जिसमें ऐसा कोई व्यक्ति शामिल न हो जो संघ के सैन्यबलों के सदस्य के रूप में कार्य कर रहा हो। ऐसे किसी कर्मचारी के संदर्भ में जो चोटग्रस्त हो और जहां कर्मचारी की मृत्यु हो गई हो तो इसमें उसके आश्रितों अथवा उनमें से किसी का संदर्भ शामिल किया जाएगा। इस अधिनियम के अंतर्गत चोटों को व्यापक रूप से चार समूहों में वर्गीकृत किया गया है, जिनके कारण हैं मृत्यु, स्थायी पूर्ण अपंगता, स्थायी आंशिक अपंगता, अस्थायी अपंगता चाहे पूर्ण हो अथवा आंशिक रूप से हो। इस अधिनियम में विभिन्न प्रकार की चोटों के लिए मुआवजा के भिन्न-भिन्न मानदंडों का प्रावधान है।

यदि दुर्घटना नियोजन के कारण अथवा नियोजन के दौरान हुई हो तो कर्मचारी दुर्घटना के कारण हुई वैयक्तिक हानि के लिए अधिनियम के अंतर्गत मुआवजा प्राप्त करने का हकदार है। इसका अर्थ यह है कि यह दुर्घटना कर्मचारी के कार्य पर होने के दौरान ही आवश्यक रूप से घटित हुई हो और यह उसके रोज़गार से संबंधित है।

कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1930 में औद्योगिक दुर्घटनाओं के कारण या चोट लगने तथा उससे होने वाली कुछ व्यवसायिक बीमारियों और रोजगार के दौरान मृत्यु अथवा अशक्तता होने की स्थिति में कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को प्रतिकपूर्ति के भुगतान का प्रावधान किया गया है।

इस अधिनियम में नई धारा 17(क) अंतर्विÂष्ट करना प्रस्तावित है, जो नियोक्ता के लिए यह अनिवार्य बनाती है कि वह कर्मचारी को अधिनियम के अंतर्गत प्रतिकार के उसके अधिकारों से लिखत में और इलैक्ट्रॉनिक माध्यमों से अंग्रेजी या हिंदी में अथवा कर्मचारी को समझ में आने वाली रोजगार के इलाके की राजभाषा में सूचित करें।

धारा 18(क) में अधिनियम के उल्लंघन के दंडों के प्रावधान हैं। वर्तमान में अधिनियम के उल्लंघन के लिए निर्धारित दंड हैं - पांच हजार रूपये तक का जुर्माना। यह दंड नियोक्ताओं पर रोक लगाने के लिए बहुत कम है। अतः दंड को परिशोधित कर के जुर्माना पचास हजार रूपये से कम नहीं होना चाहिए, लेकिन इसे एक लाख रूपये तक बढ़ाया जा सकता है, यह भी प्रस्ताव है।

धारा 18(क) के अंतर्गत दंड के लिए जाने योग्य उलंघन की की नई श्रेणी नामतः धारा 17(क) की यथा अपेक्षानुसार कर्मचारी को उसके अधिकारी से सूचित करने में विफल होत है, अंतर्विÂष्ट करने का प्रस्ताव है।

माननीय उपाध्यक्ष जी, आखिर में सन् 2009 के संशोधन अधिनियम द्वारा प्रतिपूर्ति की न्यूनतम राशि 90 हज़ार रूपये से बढ़ा कर एक लाख 40 हज़ार रूपये कर दी गई है, जो 18 जनवरी 2010 से प्रभावी है। यदि मृत्यु रोग तथा रोजगार द्वारा होती है, तो वह दुर्घटना द्वारा चोट का मामला होगा। उदाहरण के लिए जहां कोई कर्मचारी किसी रोग से ग्रस्त हो और उसका रोजगार थकान,

अतिरिक्त कार्य अथवा श्रम द्वारा रोग में बढ़ोत्तरी उत्पन्न करें, जिससे उसकी मृत्यु हो जाए तो उस मामले को दुर्घटना द्वारा चोट का मामला माना जाए और नियोक्ता उसके आश्रितों को प्रतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

अधिनियम की अनुसूची 2 में सूचीबद्ध व्यक्तियों को नियोजित करने वाला अथवा अधिनियम की अनुसूची 3 में सूचीबद्ध व्यवसाय चलाने वाला, प्रत्येक नियोक्ता अधिनियम के अंतर्गत मुआवजा का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

अंत में मैं इतना ही कहना चाहता हूँ कि माननीय प्रधान मंत्री जी का यह नारा है कि सबका साथ सबका विकास। मैं समझता हूँ यह विधेयक इस नारे पर पूर्ण रूप से खरा उतरता है। इसके माध्यम से हमारे देश के लाखों-करोड़ों श्रमिकों को पूरा सम्मान देते हुए उनकी सामाजिक और आर्थिक जरूरतों को पूरा करने का ध्यान रखा जा रहा है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी श्री नरेंद्र भाई मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने इसके माध्यम से गरीब और वंचितों की भलाई के बारे में सोचा है। मैं इस विधेयक का पुरजोर समर्थन करता हूँ और अपनी सरकार और पार्टी को धन्यवाद देता हूँ।

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Hon. Deputy Speaker, I rise to support the Employees' Compensation (Amendment) Bill, 2016. This is a simple amendment. I think this amendment will not in any impact the labour reforms as the Government envisages. The original Act is the Workmen's Compensation Act of 1923. The nomenclature of that Act has been changed to Employees' Compensation Act with effect from 31-5-2010.

What is the intention of this Act? The objective of the main Act is to provide financial protection to employees or their dependence in case of accidents arising out of or in the course of employment causing either death or disablement of the employees. This is the main purpose, the ambit of the Employee's Compensation Act 1923. The Act also provides for compensation for the occupational diseases. Why is this amendment being brought? As Shri E.T. Mohammad Basheer has said, this is on the basis of the recommendations of the Law Commission in the year 1974 and in the year 1989, that is in the 62nd report of 1974 and 134th report of 1989. The Law Commission recommended for review of various provisions of the Employee's Compensation Act. It was in the year 1979 that the Law Commission submitted the report; subsequent report was submitted in the year 1989. None of the major recommendations of the Law Commission has been incorporated in this Bill. Only one simple amendment has been brought into this Bill.

Why is there inordinate delay in incorporating or implementing the recommendations of the Law Commission in respect of the labour? That is the mindset of the Government. I am not blaming any one Government. After 1991, after the post-liberalization era, the workmen's cause is getting the least priority; it is out of agenda. We are all trying to protect the interest of the rich, the haves and the corporates. That is why the Law Commission made recommendations in 1979 and subsequently reiterated those recommendations in 1989. Unfortunately, none of those recommendations have found a place in this amendment Bill.

Bringing a piecemeal legislation is not going to make any impact. What is the amendment? The amendment is incorporating a new provision in the Employee's Compensation Act 1923. Section 17A is to be incorporated in the Act- 'Every employer shall, immediately at the time of employment of any employee, inform the employee of his right to compensation under this Act in writing as well as through electronic means in English or Hindi or in the official language of the area of the employment as may be understood by the employee and court.' The core and crux of the amendment is that when an employee is being given appointment, employer should give in writing that the employee is entitled for compensation in case of death or injury because of an accident in the course of employment or out of employment. This is the amendment.

So many important amendments and recommendations are there. You are just informing Mr. Worker that he has the right to claim the compensation. This is the amendment which is being brought here. This is why the hon. Prime Minister said yesterday in the House that within two years of governance, his Government has made hundreds of legislations in the country. If it is these types of legislations, we can have a thousand of legislations. So, we are seeking a demand that let us have a comprehensive legislation in respect of the labour issue. I urge upon the hon. Minister to come out with a comprehensive legislation so as to address the issues of the workmen in the country instead of coming with a piecemeal legislation whereby when appointment is being given to the employee, the employer should say, 'yes, you are entitled to the compensation.' This is the core of this amendment and we are spending a lot of time. No impact is going to take place.

What is the second amendment? It is dropping of Section 38. I fully agree and welcome it. As per Section 38 of the original Act, if an appeal is pending in the High Court against the order of the Commissioner of Workmen's Compensation, the employee is not entitled to receive the deposited amount which is with the Commissioner. But according to this amendment, Section 38 is being dropped so that even if there is an appeal pending before the High Court, the worker can realize the amount which is pending before the Commissioner. This is a welcome amendment and I fully agree with the amendment regarding dropping of Section 38.

The third amendment which is being brought in this Bill is regarding the appellate jurisdiction against the order of the Commissioner. In the original Act, if we wanted to appeal against the order of the Commissioner, the amount in dispute should be not less than Rs. 300; now, it has been increased to Rs. 10,000 and any other higher amount which the Central Government may notify by notification. I fully disagree with the second part of the amendment. We are fixing the amount in Parliament but you are giving the right to amend the amount to the Government. The Central Government can by notification say only those disputes in which is the amount is not less than Rs. 50,000 can be appealed. I fully disassociate and disagree with the second part of this amendment for which I am moving an amendment.

